तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

13 छापर भानपुरी में 36 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



14 दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में हुआ नई चेतना का संचार






## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## गड़बड़ी : निरीक्षण के दौरान कंपनी भंडारण संबंधी कागजात नहीं दिखा पाई

# निर्माणाधीन पांडरवाही बिजली सब स्टेशन में रेत भंडारण पर खनिज विभाग ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पाण्डरवाही में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन स्थल पर बड़ी मात्रा में रेत और गिट्टी के भंडारण का मामला सामने आया है। खनिज विभाग की जांच में मौके पर मौजूद सुपरवाइजर आवश्यक रायल्टी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिसके बाद विभाग ने सख्ती दिखाते हुए निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

- खनिज विभाग ने कंपनी के मालिक से सात दिनों में जवाब किया तलब

जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम पाण्डरवाही में 220/132/33 केव्ही विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य से पहले ही भारी अनियमितता उजागर हुई है। निर्माण स्थल पर करीब 600 ट्रैक्टर रेत का भंडारण किया गया है, वहीं गिट्टी भी पाई गई। इस मामले की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच के दौरान स्थल पर मौजूद सुपरवाइजर पप्पू चौधरी से रेत ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कई सवाल खड़े करता है

पाण्डरवाही में बनने वाले इस महत्वपूर्ण उपकेंद्र के निर्माण के लिए मेसर्स लक्ष्मी ट्रांसमीशन, जिसके प्रोपराइटर वेणुगोपाल रेड्डी हैं, को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। कंपनी ने लगभग पाँच माह पूर्व विभाग के साथ एग्रीमेंट किया और अब कार्यालय भवन के लिए निर्माण के साथ कार्य की शुरुआत की गई है। प्रारंभिक चरण में ही इस तरह की परिस्थितियों का सामने आना कई सवाल खड़े करता है।



### जारी किया गया नोटिस

खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिककारी मिदुल गुहा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी के मालिक को नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि 7 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिना रायल्टी के खनिजों का परिवहन और भंडारण पूरी तरह अवैध है और इससे शासन को राजस्व की हानि होती है।

### रायल्टी जमा करने पर होगा भुगतान

निर्माण स्थल पर पैदल पहुँचे सब इंजीनियर हिमांग गौतम ने बताया कि यह सामग्री कहाँ से लाएं, उससे हमें कोई मतलब नहीं है। रायल्टी जमा करने पर ही बिल को पास किया जाता है और रायल्टी जमा नहीं करने पर पाँच गुना पैनल्टी लगाया जाता है। पैदल पहुँचने को लेकर कार्यपालन अभियंता युवमन सिंह नागवंशी ने बताया कि विभाग के पास दो वाहन है, जिसमें एक मेरे पास और दूसरा एई के पास है। सब इंजीनियर को चार पहिया वाहन का उपयोग करने का अधिकार नहीं है, स्वंय के वाहन से निर्माण स्थल पहुँचने का प्रावधान है। इस मामले में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार के मोबाईल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार का एक पैर अलग होने की स्थिति में



**कांकेर।** जिले में तेज रफ्तार और लापरवाही का एक और खौफनाक नजारा सामने आया, जब ग्राम कोदाभाट पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि घायल का दाहिना पैर लगभग शरीर से अलग होने की स्थिति में पहुंच गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

- कोदाभाट पेट्रोल पंप के पास भीषण हादसे के बाद मचा हाहाकार

जानकारी के अनुसार थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम पीवी 20 बैकुंठपुर निवासी 32 वर्षीय भोला हलधर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 0578 से सुबह जिला न्यायालय कांकेर में पेशी के लिए आए थे। पेशी पूरी करने के बाद वे निजी कार्य से ग्राम कोदाभाट गए थे। शाम करीब 4 बजे जब वे वापस कांकेर लौट रहे थे, तभी सामने से तेज गति में आ रहे सफेद रंग के हाइवा क्रमांक सीजी 04 एनआर 6680 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाइवा चालक किशन कुमार नेताम वाहन को लापरवाहीपूर्वक और तेज रफ्तार में लहराते हुए चला रहा था। इसी दौरान उसने सामने से आ रहे भोला हलधर को अपनी चपेट ▶▶| शेष पेज 12 पर

## परिजनों को मिली 50 हजार की अनुग्रह राशि



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम आमागढ़ निवासी शिक्षक देवनाथ सर्फे प्राथमिक शाला नवागांव में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। उनका शुक्रवार 20 मार्च को उनके अचानक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। आकस्मिक निधन के बाद शासन द्वारा उनके परिजनों को 50000 रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। यह राशि मृतक की धर्मपत्नी को परिवारजनों की उपस्थिति में चेक के माध्यम से प्रदान की गई। इस दौरान सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम, शिक्षक आत्माराम तारमे, भुवन नायक, रामनाथ गोटा सहित ग्रामीण प्रभु राम दर्रो एवं शिवलाल निषाद उपस्थित रहे।

# भगवान झूलेलाल अवतरण दिवस पर सिंधी समाज ने निकाली बाइक रैली व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिंधी समाज ने अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल के 1076 वें अवतरण दिवस पर भव्य जन्मोत्सव और चैट्रीचंड महोत्सव को पूरे उत्साह के साथ मनाया। पूज्य सिंधी पंचायत, महिला विंग सुनहरे कदम एवं सिंधु युवा विंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित आयोजन ने शहर को धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

- चैट्रीचंड महोत्सव में 17 कार्यक्रमों में धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों का हुआ अनूठा संगम

मुख्य आयोजन के तहत सुबह सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में आरती एवं पल्लव के साथ पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण हुआ। युवा विंग द्वारा निकाली गई बाइक रैली ने पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया। दोपहर में आम भंडारे का आयोजन कर सामाजिक एकता और सेवा भाव का परिचय दिया गया। उसके उपरांत देर शाम को राम जानकी चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में हुई। पूरे महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक गौरव की भावना को भी नई ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर मुकेश खटवानी, मुरली लालवानी, दीपक खटवानी, हितेंद्र खटवानी, रवि लालवानी, सन्नी खटवानी, आकाश मंगलानी, दीपक पंजवानी, रोहित मोटवानी, सुमित पंजाबी, भरत केशवानी, मनीष केशवानी, विशाल मोटवानी, नितेश लालवानी एवं समाज के वरिष्ठ एवं कनिष्ठजन उपस्थित रहे।




### शोभायात्रा में विधायक हुए शामिल

आस्था और उत्साह से सराबोर भव्य शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ भगवान झूलेलाल के जयकारों में सहभागी बने। विधायक ने कहा कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि समरसता, भाईचारे और मानवता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं। चैट्रीचंड महोत्सव हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने का संदेश देता है।



**सुनहरे कदम के रहे आर्कषक कार्यक्रम :** सिंधी समाज की महिला इकाई सुनहरे कदम द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने स्वाद, संस्कृति और उत्साह का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के मुखी राकेश आहूजा द्वारा व्हिसल बजाकर की गई, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। प्रतियोगिता में टेस्ट में बेस्ट का खिताब ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### जनगणना के प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में वर्ष 2026 की जनगणना के तहत प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को नगर पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर निरंकार श्रीवास्तव ने मकान नंबर आबंटन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की तथा सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें सटीकता एवं जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।
कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जनगणना के सफल संचालन के लिए आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ कार्य करने पर जोर दिया। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार उर्वशा, मास्टर ट्रेनर टिकेश ठाकुर, जनगणना प्रभारी अशोक ठाकुर, सुपरवाइजर निरंकार श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं मनोज कुमार चौहान सहित सभी प्रगणक एवं उनके सहायक उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार एवं लापरवाही बना काल,जांच के बाद दर्ज किया गया मामला

**कांकेर।** थाना नरहरपुर के अंतर्गत आने वाली चौकी दुधावा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीएसएफ के एक जवान की जान चली गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय मनोज कुमार मरकाम के रूप में हुई है, जो बांदे स्थित बीएसएफ कैंप में आरक्षक के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे। जानकारी के अनुसार मनोज कुमार मरकाम 13 जनवरी को 21 दिनों की छुट्टी पर अपने गृह ग्राम आमगांव आया था और 24 जनवरी को वे अपने तीन दोस्तों के साथ दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर ग्राम बोराई का बासी मड़ई मेला देखने गए थे। वापसी के दौरान रात करीब 10 बजे, जब वे ग्राम साईमुण्डा मोड़ के पास पहुंचे, तो अंधेरा होने के कारण रास्ता भटक गए। इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 2705 अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में चालक मनोज कुमार और पीछे बैठे संदीप नेताम दोनों बेहोश हो गए। अगली सुबह करीब साढ़े 4 बजे जब संदीप को होश आया, तो उसने देखा कि मनोज का शरीर पूरी तरह ठंडा पड़ चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से आग जलाकर शरीर को गर्म करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद 108 एम्बुलेंस के जरिए उन्हें विश्रामपुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 2705 का चालक मनोज कुमार मरकाम के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र की दो सड़कों की गुणवत्ता जांची

**जगदलपुर।** राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग की चलित प्रयोगशाला ने बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की जांच की। निर्माण कार्य की जांच का उद्देश्य सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को रोकना और बन रही सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

## निधन

### अगिनत साहू



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर निवासी 57 वर्षीय अगिनत साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनसागर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, रिश्तेदार एवं परिचितजन उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

---

**सियासत : भारत माता के जयकारों की गूंजा शहर में**

# भाजयुमो मंडल कार्यकारिणी की घोषणा पर शिवाजी चौक में जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डिकेश साहू ने भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू के मार्गदर्शन तथा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा भानुप्रतापपुर मंडल की नई मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने शिवाजी चौक में एकत्र होकर फटाखे फोड़े और आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम् युवा मोर्चा जिन्दाबाद के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष डिकेश साहू ने कहा कि संगठन में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और नई टीम के गठन से संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाये एवं समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सदैव युवाओं के विकास, नेतृत्व निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। नई कार्यकारिणी के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक गति दी जाएगी। घोषित मंडल कार्यकारिणी में मंडल उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, छत्रपाल यदु, गौरव श्रीवास्तव, हर्ष साहू, मानु राम नरेटी। मंडल महामंत्री जागेश्वर नरेटी, प्रेम शर्मा, मंडल मंत्री अंकुर शुक्ला, धीरज ठाकुर, शैलेष ठाकुर, गौरव शर्मा, सुमित पुजारी, भागवत मरकाम,कोषाध्यक्ष रामेश्वर साहू, सह-कोषाध्यक्ष सुरजीत खस, कार्यालय प्रभारी भक्तेश्वर सिन्हा, कार्यालय सह प्रभारी अंकुर दास, मीडिया प्रभारी कृष शर्मा, मीडिया सह प्रभारी मिथलेश हरिहारणो, सोशल मीडिया प्रभारी कनक राजपूत, सोशल मीडिया सह प्रभारी नागेश सेन, आईटी प्रमुख सुभाष कोठारे, आईटी सह-प्रमुख मोहित विश्वास, प्रशिक्षण प्रमुख अभय ठगेल, प्रशिक्षण सह-प्रमुख टीकम सोनवानी, प्रचार-प्रसार प्रमुख नीतीश मेहता, प्रचार-प्रसार सह-प्रमुख रॉकी पटेल, कन्या शक्ति संयोजिका महिमा ठाकुर, कन्या शक्ति सह-संयोजिका हिमांशी साहू, भगवती यादव, तान्या सिंघारे, प्रमुख शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल तामेश्वर साहू, सह-प्रमुख शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल अभिषेक पांडेय, नीति एवं अनुसंधान प्रमुख सवई टाक, नीति एवं अनुसंधान सह-प्रमुख रोमित पटेल, खेल एवं कला प्रमुख रेशम दास मानिकपुरी, खेल एवं कला सह-प्रमुख खुम्मन निषाद, विधि एवं तकनीकी प्रमुख योगेश केकती, विधि एवं तकनीकी सह-प्रमुख मृत्युंजय त्रिवेदी, कार्यसमिति सदस्य सौरभ सचदेव, संदीप छाबड़ा, कुणाल देवांगन, हरमनप्रीत रंधावा, उमाशंकर साहू, अभिषेख ठाकुर, प्रशांत प्रधान, दक्ष बघेल, कुशल नाग, राकेश चक्रधारी, तज्जु सलाम, हरीश सचदेव निक्की, शिव प्रसाद नरेटी, सहवाग प्रधान, डोमेन दास मानिकपुरी, अशोक कोरेटी, कन्हैया कुंजाम, आकाश खस, विवेक चौथानी, रोहित उइके, बबलू गवर्णा, प्रदीप हुर्रा, मनेश राणा, श्रवण सलाम, भावेश वर्मा, महेश सेन, मंगतू राम नेताम, वागेश दास मानिक, दीपक कोठारी, दिव्येश ठाकुर, विशेष आमंत्रित सदस्य ऋषि सोलंकी, डिकेश्वर साहू, सुमित राउत, अक्षय सोनी, सौरभ पारख, मितेश निषाद, गोलू रजक, अंगु पुजारे, लोकेश कसेर, उत्कर्ष ठाकुर, उज्ज्वल यदु, शैलेश पटेल, विकास मानिकपुरी, परमानंद कावड़े, अमन मतलामी, सुशील पासवान एवं अंत में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही संगठन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्रप्रताप दुग्गा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री कौशल रामटेके, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश देवांगन, भाजयुमो कार्यकर्ता प्रशांत प्रधान, सागर शर्मा, अभिजीत सरकार, रोहित चक्रवर्ती, गौतम सूर्यवंशी, गणेश आचला, ऋषभ देवांगन, धरमदास, अभय पांडेय, मनीष विश्वास, श्रेयांश, युग शर्मा,ओमकार मंडावी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# चेटीचंद झूलेलाल जयंती पर आस्था सदभावना व भक्ति का हुआ संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में चेटीचंद झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर सिंधी समाज द्वारा भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सुबह से ही नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और उल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य बाइक रैली से हुई, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का संदेश देती नजर आई। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल और जय श्री राम के गगनभेदी नारों से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। मुख्य चौक पर भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर बाइक रैली के दौरान पहुंचे, जहां उन्होंने सिंधी समाज के सदस्यों से मुलाकात कर चेटीचंद की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। रैली के समापन के पश्चात बहराणा साहिब की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मुख्य चौक में सिंधी समाज द्वारा नगरवासियों के लिए शरबत वितरण का आयोजन भी किया गया, जहां लोगों ने प्रसाद स्वरूप ठंडे पेय का आनंद लिया। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से आम श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई। वहीं सिंधी धर्मशाला में भी सभी के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था सिंधी समाज द्वारा की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान भानुप्रतापपुर के श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया और झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दोपहर 3:30 बजे निकली बहराणा साहिब की भव्य सवारी रही, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई झूलेलाल घाट, राजा तालाब पहुंची। झूलेलाल घाट, राजा तालाब में विधि-विधान से बहराणा साहिब का विसर्जन किया गया, इस दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। विसर्जन के दौरान सिंधी समाज के श्रद्धालुओं के लिए परिवहन संघ द्वारा शरबत वितरण की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे पूरे आयोजन में सेवा और सहयोग की भावना देखने को मिली।

---

# तनावमुक्त जीवन व बेहतर सेहत के लिए पुलिस ने लिया योग प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस विभाग की चुनौतीपूर्ण कार्यशैली और मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा एक विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। रक्षित केंद्र में आयोजित इस शिविर में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारजनों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ-साथ उन्हें मानसिक संतुलन और तनावमुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। लंबी ड्यूटी और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग मेडिटेशन सेंटर के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक भोजराज सिन्हा एवं रिया सिन्हा ने प्रतिभागियों को योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया।

प्राणायाम और ध्यान, मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने के लिए। शारीरिक सुदृढ़ता और स्फूर्ति के लिए। तनाव, डिप्रेशन और स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। इस आयोजन में पुलिस परिवार के लगभग 162 सदस्य लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी विंकेश्वरी पिन्दे, डीएसपी कविता धुर्वे और रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहें। कांकेर पुलिस का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से विभाग में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अधिकारियों और जवानों के कल्याण के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

---

# सेन नाई समाज की संयुक्त बैठक में आर्थिक व शैक्षणिक विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



कांकेर जिले में निवासरत सेन नाई समाज के सभी इकाई की संयुक्त बैठक सेन भवन चारामा में आयोजित हुई। इस बैठक में ग्रामीण स्वजातीय बंधुओं का समाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य को लेकर सारगर्भित चर्चा की गई। इस सारगर्भित चर्चा से जो निष्कर्ष निकाला उसके आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम जिला सर्व सेन नाई समाज ग्रामीण कांकेर का गठन करने का निर्णय लिया गया।

यह संगठन कांकेर जिले के अलग अलग क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर समाज के अंतिम व्यक्ति को मंच देकर उनके आत्मविश्वास को जागृत करना है। गठन के पुर्व संगठनात्मक नियमावली को अंतिम रूप दिया गया, जिसके अनुसार जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण कांकेर का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा व तीन वर्ष के पश्चात रोटेशन पद्धति से अध्यक्ष निर्वाचित होगा। निर्वाचित व्यक्ति की अनुशंसा इकाई स्तर पर होना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए पहले चंदापारी ग्रामीण, दुसरे में झरिया पार व तिहरे में श्रीवास पार का होना तय किया गया है। समाज को आर्थिक रूप से सक्षम करने प्रत्येक ईकाई से 5000 रुपए व कार्यक्रम आयोजन पर प्रत्येक सदस्य को निर्धारित सहयोग देना अनिवार्य किया गया है। समाज का कोई भी सदस्य समाज को सहयोग नहीं करने पर समाज उनको किसी भी तरह सहयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। जन्म से मृत्यु तक सभी संस्कार समाज के नियमों के तहत किए जाएगें। बैठक में स्वजातीय बंधुओं से स्वेच्छा अनुदान राशि 3030 रुपए प्राप्त हुए।

बैठक में सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए प्रभु राम शांडिल्य, उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक, शिवन शांडिल्य, सचिव रुद्र कुमार सेन, सहसचिव बंशी लाल सेन, वेदराम सेन, कोषाध्यक्ष मुकेश सेन, संरक्षक कैलाश सेन, राजकुमार, मोहन शांडिल्य, दयालु राम, रमेश कोशीक, तुकाराम, शैलेंद्र कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेन, गोपाल सेन, उमाशंकर सेन सलाहकार जगदीश कौशिक, नरेंद्र सेन, बसंत सेन, बनवाली सेन अशोक सेन, नंदकुमार सेन, महेंद्र शांडिल्य, बुद्धेश्वर शांडिल्य राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल कमलेश रानु सेन, राजु श्रीवास, परमानंद श्रीवास, वेदराम सेन बनाए गए। इसी तरह कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पवन सेन, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, विनोद सेन , सचिव संदीप सेन बनाए गए।

समाज के मिडिया प्रभारी व आडिटर लोकेश्वर सेन होंगे। इस अवसर पर माखन कौशिक, अशोक सेन, मोहन लाल, मिश्री लाल, रमेश कौशिक, रमेश सेन, कमलेश सेन, मनीष सेन, ओमप्रकाश सेन, टिकेश्वर सेन, नरेंद्र सेन, प्रकाश सेन, नरोतम सेन, सुखदेव कौशिक, महेंद्र सेन, कोमल सेन, जगदीश कौशिक, शिवन लाल शांडिल्य, परमा, भुनेश्वर सेन, छबीलाल, रामेश्वर, सुकदेव, संतोष कौशिक, बसंत सेन, किशोर सेन, धनश्याम, मुकेश सेन, यशवंत सेन सहित समाजीक जन उपस्थित रहे।

---

**भारत की जनगणना का कार्स दो चरणों में किया जाएगा : कलेक्टर**

# एक मई से होगी मकानों की नंबरिंग प्रगणक एवं सुपरवायजर हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार और अनुविभागीय अधिकारी रा भानुप्रतापपुर एवं अनुभाग जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में आज भानुप्रतापपुर ग्रामीण चार्ज के सभी 110 ग्रामों के प्रगणक सहायको एवं सुपरवायजरों का प्रशिक्षण जनपद सभा कक्ष भानुप्रतापपुर में आयोजित किया गया। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सुरेंद्र उर्वशा ने कहा कि भारत की जनगणना का कार्स दो चरणों में किया जाएगा।

प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा। जबकि दुसरे और अंतिम चरण फरवरी मार्च 2027 में जनसख्या की गणना की जावेगी। जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तारीख 01 मार्च 2027 के 00.00 बजे होगी। उन्होंने बताया कि 1 मई से मकान नंबरिग का कार्य के लिए प्रत्येक गणना ब्लाकों में एक एक सहायकों को नियुक्त किया गया है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रा, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक की सेवा ली जा रही है। सभी से कहा कि सबसे पहले अपने अपने गणना ब्लाकों की मार्किंग कर ले सुपरवायजर अपने साथ सभी प्रगणक एवं प्रगणक सहायकों के साथ एक बार अपने गणना ब्लाक का दौरा कर ले और मौके पर जाकर नजरी नक्शा अवश्य तैयार कर लें। मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि सबसे पहले मकान सूचीकरण के पूर्व सभी सुपरवायजर एवं प्रगणक अपने अपने गणना ब्लाकों का चिन्हांकन कर लें । उन्होने बताया कि भानुप्रतापपुर ग्रामीण चार्ज में कुल 160 गणना ब्लाक बनाये गये है। प्रत्येक 6 गणना ब्लाक पर एक सुपरवायजर बनाया गया है कुल 26 सुपरवायजर जनगणना का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में उन्होने ग्रामों का उदाहरण ब्लेक बोर्ड में देकर कैसे मकानों में नंबरिग का कार्य करेगे और किन किन भवनों को आवासीय और किन किन भवनों को गैर आवासीय की श्रेणी में लेना होगा इसे विस्तार से समझाया। उन्होंने विशेष रूप से गणना सहायकों को उनके कार्य एवं दायित्वों को समझाते हुए कहा कि सभी गणना सहायक प्रगणकों के अधीन रहकर सुपरवायजर के निर्देश पर कार्य करेंगे। उन्होने सभी सुपरवायजरों को कहा कि मकानों की नंबरिग के कार्य में अत्यन्त सावधानी रखें आपके द्वारा की गयी नंबरिंग में इस बात का ध्ययान रखें कि जो कलर आप उपयोग कर रहे हो वो टिकाउ हो और आने वाले मार्च 2027 तक लिखावट रहे कोई भी मकान नंबरिग हल्के रंग से न करें जिससे वो मिट न जाए। क्योंकि आपके द्वारा की गयी नंबरिंग आने वाले एक साल तक दिवालों में रहे इस बात का विशेष ध्यान देंगें। सभी अपने अपने गणना ब्लाकों की मानिटरिंग एप के माध्यम से ही कर पाएगे। प्रशिक्षण में तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सुरेंद्र उर्वशा, मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर सिंह ठाकुर, डीओ राधेश्याम भास्कर,अशोक ठाकुर, सुपरवाइजर प्रदीप सेन, अविनाश सिंह, नितिन धुर्व, अमित डोंगरे, जैत कोवाची, नरेश सोरी, प्रकाश तीरसुनिया, नरेंद्र धुर्व, शत्रुघन कुंजाम, संजय मण्डावी, जनगणना लिपिक विकास कोमरे, हितेश यादव , द्रोण टांडिया के साथ सभी सुपरवायजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

---

## पेज 11 के शेष

### निर्माणाधीन पांडरवाही...

और गिट्टी के परिवहन व भंडारण से संबंधित रायल्टी दस्तावेज मांगे गए। हालांकि, वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। यहां तक कि दो दिन पहले ही माकड़ी क्षेत्र से लाई गई गिट्टी की भी कोई रायल्टी उपलब्ध नहीं थी। इस स्थिति ने विभाग की शंका को और गहरा कर दिया। खनिज विभाग की टीम ने पाया कि निर्माण स्थल पर रेत के ढेर पांच अलग-अलग स्थानों पर जमा किए गए थे। जमा किए गए ढेर से यह स्पष्ट है कि यह रेत ट्रैक्टर के माध्यम से लाई गई है, लेकिन इन सभी के लिए कोई अधिकृत रसीद या बिल उपलब्ध नहीं था। निर्माण स्थल पर मौजूद सुपरवाईजर के द्वारा निर्माण स्थल पर आई सामग्री का किसी भी प्रकार का दस्तावेज न दिखा पाना, कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ी को दर्शाता है।

### हाईवा के भीषण...

में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कंधे में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल के मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी। उनकी पत्नी सीमा हलधर को हादसे की जानकारी दी गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस मामले में प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक बालोद जिले के नलकसा निवासी 25 वर्षीय किशन कुमार नेताम के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) और 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### भगवान झूलेलाल अवतरण...

अनीता बजाज ने जीता, जबकि टिशा मोटवानी द्वितीय रही। "बेस्ट हाइजीन" में साक्षी गिडलानी प्रथम, मीना लोहानी द्वितीय और ऐश्वर्या भाषवानी तृतीय रहीं। "बेस्ट सेलर" का खिताब मीना लोहानी को मिला। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु स्मिता खटवानी को विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में मुखी राकेश आहूजा, भूतपूर्व मुखी राजा देवनानी, दिलीप खटवानी, युवा विंग के प्रमुख सचिन गिडलानी एवं समाज की प्रतिष्ठित महिलाएं शांति आसरानी, सुहानी लालवानी, नेहा हिरदानी और प्राची वुधवानी रहीं। राजकुमार फबयानी ने प्रतिभागियों को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया। कूपन व्यवस्था का संचालन प्रेम फबयानी और सुनील भाषवानी ने संभाला। अंत में समाज के सभी परिवारों ने आनंद मेला और संगीत संध्या का भरपूर आनंद उठाया।

# खराब मौसम से महुआ और आम को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार

इंद्रावती नदी के पार भैरमगढ़ ब्लॉक के कोशलनार इलाके में बीते दो दिन से बारिश के कारण महुआ संग्राहकों और आम उत्पादक किसानों को नुकसान की खबर है। अधिकांश पेड़ों में आम के फल गिर गए। वही खलिहान में रखे महुआ काले नजर आ रहे हैं। नदी पार बसे कोशलनार, मंगनार व कोदाभाटा में चैत्र नवरात्रि से पहले से बारिश हो रही है। एकाएक मौसम का मिज़ाज खराब होने से आम, महुआ, इमली आदि उद्यानिकी फसल को नुकसान हुआ है। आम के वृक्ष में बहुत कम फल नजर आ रहे हैं। वही बारिश के बाद महुआ कम गिर रहा है। इसलिए औसत संग्रहण की दर में कमी आई है। महुआ के सीजन में तेज गर्मी जरूरी है। अन्यथा महुआ के फूल कम गिरते हैं। यही नहीं संग्रहित महुआ को सुखाने के लिए भी धूप आवश्यक है। बारिश या बदली के मौसम में महुआ सूख नहीं पाता और काले पड़ने पर इसकी गुणवत्ता प्रभावित होता है। उद्यानिकी फसल के साथ रबी फसलों पर भी बारिश का दुष्प्रभाव नजर आ रहा है। खासकर गेहूं की बालियों पर पानी गिरने से दाने खराब हो जाते हैं। मटर के पौधे ज्यादा पानी सहन नहीं कर पाते और जमीन में गिरने से सड़ने का डर रहता है। थलेश ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों के लिए मार्च - अप्रैल का महीना स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस सीजन में माड़ इलाके कोशलनार- मंगनार के लोग महुआ संग्रहण कर अपनी जरूरत को पूरा करते हैं। खराब मौसम से संग्रहण पर असर पड़ा है। आम के फल इस समय प्री स्टेज में था जो हवा-पानी से झड़ कर नष्ट हो गया।





### बारिश खरीफ के लिए फायदेमंद

हाल ही में हुई बारिश से खरीफ फसलों की खेती करने वाले के लिए फायदेमंद है। नमी का फायदा उठा कर कहीं कहीं पर किसान खेत और घर की बाड़ी की जुताई कर रहे हैं। वही कुछ लोग टूटे मेड़ की मरम्मत में जुटे हैं। ताकि आने वाले खरीफ फसलों की खेती में किसी तरह का परेशानी ना हो।

## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में स्वास्थ्य शिविर



**बस्तर।** संचालक आयुष छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू के मार्गदर्शन में देवड़ा साप्ताहिक बाजार में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर और मलेरिया की निःशुल्क जांच कर औषधियां और स्वास्थ्य वर्धक काढ़ा वितरण किया गया। शिविर में डॉ. विनोद सिंह, डॉ. हेमंत यादव, फार्मासिस्ट घनश्याम सिंदार, अनुराधा सोनी, फगनूराम बघेल और मालती कश्यप ने अपनी सेवाएं दी।

### जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण



**गीदम।** अखिल भारतीय जैविक नियंत्रण अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आदिवासी उप परियोजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा में जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वाई के मेश्राम सहायक प्राध्यापक कीट विज्ञान विभाग द्वारा किसानों को परियोजना के उद्देश्यों के अनुरूप जैविक कीट नियंत्रण तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने किसानों को फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान, उनके प्राकृतिक शत्रुओं, ट्राइकोग्रामा, बीटी, एनपीवी एवं अन्य जैविक उपायों के प्रयोग की विधियों की जानकारी दी। डॉ. मेश्राम ने बताया कि जैविक कीट नियंत्रण पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ किसानों की लागत कम करता है तथा फसल की गुणवत्ता में सुधार लाता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जैविक नियंत्रण के लाभ समझाए गए।

### कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए दिया प्रशिक्षण



**बीजापुर।** कुपोषण की समस्या के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सुपोषण दूतों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 15 दिसंबर से बस्तर एवं सरगुजा संभाग के आठ जिलों में इस विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं दंतेवाड़ा जिलों में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है, ताकि कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

### 78 दिव्यांग हितग्राहियों को विशेष शिविर में मिला लाभ



**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया। कलेक्टर आकाश छिकारा के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में शिविर में 78 हितग्राही लाभान्वित हुए। इस विशेष आयोजन का मुख्य लक्ष्य दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ स्वास्थ्य परीक्षण, तत्काल उपचार और यूडीआईडी कार्ड जैसी महत्वपूर्ण शासकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना था। सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. सरिता थॉमस, डॉ. आरकेएस राज, डॉ. जी. सेतु और डॉ. नवनीत सिंह स्वयं उपस्थित रहे।

## कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा : विधायक

# छापर भानपुरी में 36 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में आज विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल द्वारा लगभग 36 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा जलनी माता गुड़ी निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इन योजनाओं के माध्यम से ग्राम पंचायत के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक सुसज्जित स्थान मिलेगा, वहीं सीसी सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। जलनी माता गुड़ी के निर्माण से क्षेत्र की धार्मिक आस्था को भी सुदृढ़ता मिलेगी।

■ राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध




उन्होंने आगे कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि आमजन को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और निर्माण कार्यों की निगरानी में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य डिकेश नाग, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप , जिला मंत्री रैतुराम बघेल, सरपंच दशमी कश्यप, धनई मौर्य, जिवनाथ मौर्य, मुन्ना कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता, ड्राइवर संघ के साथी, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र में विकास की गति बनी रहेगी।

# जनगणना की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनगणना से संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। ज्ञात हो कि जिला स्तर पर आगामी जनगणना 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का चरणबद्ध कार्यक्रम तय किया गया है, जिसके तहत प्रशिक्षण, ब्लॉक निर्धारण, मैपिंग एवं गणना कार्य सुनिश्चित किए गए है। इसके तहत आज बैठक में कलेक्टर द्वारा जनगणना से संबंधित सभी चरणबद्ध कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय जनगणना अधिकारी तय समय-सीमा के अंतर्गत 25 मार्च की अवधि तक जनगणना कार्य पूर्ण कर लेवें। तत्पश्चात निदेशालय द्वारा दिए गए अन्य तिथियों के कार्यों को पूरा करने की कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण,इसके साथ ही मकान सूचीकरण ब्लॉक की संख्या को फ्रीज करने की प्रक्रिया ,चार्ज अधिकारियों को जियो-संदर्भित ग्राम, वार्ड एवं चार्ज मानचित्रों, वेब मैपिंग एप्लीकेशन में मकान सूचीकरण, ब्लॉकों की सीमाओं का परिसीमन, ब्लॉक प्रकार का आबंटन एवं प्रविष्टिकरण कार्य,इसी क्रम में पर्यवेक्षी सर्किल का गठन कर सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को का आवंटन, मध्य मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन एवं उन्हें वेब मैपिंग एप्लीकेशन पर चिन्हित करने का कार्य जानकारी दी गई। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भू-जल संरक्षण का वनों के विकास पर प्रभाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर शनिवार को वृत्त स्तरीय कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. अनुराग विश्वकर्मा वर्ल्ड वाइल्ड फण्ड फॉर नेचर इंडिया एवं डॉ. शरद नेमा प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष वानिकी और वन्यजीव अध्ययन विभाग बस्तर विश्व विद्यालय एवं आलोक कुमार तिवारी मुख्य वन संरक्षक शामिल रहे। डॉ. अनुराग द्वारा वेटलैण्ड के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. शरद नेमा द्वारा पूरे विश्व से लेकर बस्तर में वानिकी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य वन संरक्षक द्वारा भू-जल संरक्षण कार्य का वनों के विकास पर प्रभाव के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उत्तम कुमार गुप्ता वन मण्डलाधिकारी बस्तर, आरके जांगड़े वन मण्डलाधिकारी बीजापुर, रंगनाधा रामकृष्णा वन मण्डलाधिकारी दंतेवाड़ा, अक्षय दिनकर भोसले वन मण्डलाधिकारी सुकमा, सुमेध सुरवाड़े प्रशिक्षु आईएफएस, परख शारडा प्रशिक्षु आईएफएस और समस्त उप वन मण्डलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल




डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज विद्यालय सभागार में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी से लेकर कक्षा पहली और दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर सभी नन्हे मुन्ने बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में उपस्थित रहे। उनके चेहरे पर अपने परिणामों को लेकर उत्सुकता और खुशी झलक रही थी। समस्त शिक्षक गण एवं स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नर्सरी में प्रथम स्थान लक्ष्य नाग 99.50 प्रतिशत और जागृति नियाल 100 प्रतिशत अंक प्राप्त की। एलकेजी में प्रथम स्थान पर गणेश कुमार ठाकुर 99 .83 प्रतिशत एवं लीना चौहान प्रतिशत प्राप्त की। यूकेजी में प्रथम स्थान दीपक मंडावी 100 प्रतिशत एवं बुल्टी सिकदर 99.50 प्रतिशत प्राप्त की। कक्षा पहली में प्रथम स्थान विनायक 99 प्रतिशतएवं मिर्जा अमीर रजा बाग 97.33 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान गरिमा ठाकुर 99.67 प्रतिशत एवं मीनाक्षी नामों ने 98.83 प्रतिशत प्राप्त की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य एस. के.श्रीवास्तव ने प्रोग्रेस कार्ड पुष्पगुच्छ के साथ प्रदान किया। जैसे ही बच्चों को उनके परिणाम प्राप्त हुए उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और अभिभावकों में भी गर्व की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षिका शीना बीनू ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।

### धर्म स्वातंत्र्य कानून से बढ़ी सुरक्षा और पारदर्शिता : नितेश

**गीदम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा ने मार्च में पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य संशोधन विधेयक 2026 राज्य में सामाजिक समरसता, सुरक्षा और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। यह पहल प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रभावी प्रयास है। भाजपा जिला सोशल मीडिया सह संयोजक नितेश अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने धर्मांतरण के नाम पर हो रहे प्रलोभन, दबाव और धोखाधड़ी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह सख्त और आवश्यक कानून लागू किया है।



# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के बस स्टैंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया दंतेवाड़ा से वापसी रायपुर जाने के दौरान बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

जिला युवा मोर्चा महामंत्री सत्यम झा के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान महामंत्री रामप्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। स्वागत समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग पार्षद समीर मिश्रा, बंसी कश्यप,आशीष मिश्रा, योगेश चंदेल, कमलेश दिवान, मंगलराम, वीरसिंह, महेश मौर्य, अनिल जायसवाल सहित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस का मिशन गांव चलो अभियान शुरू



**जगदलपुर।** मिशन गांव चलो अभियान के तहत बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए दरभा के बाजार पारा में बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी के गठन की प्रक्रिया को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, उपाध्यक्ष संकल्प दुबे, महामंत्री अभिषेक नायडू, अनुराग महतो, महादेव नाग, बलिराम, अपर्णा बाजपेयी, तुलाराम कश्यप, एस नीला,माही श्रीवास्तव, कमला भत्तरा उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर, अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



किरंदुल क्षेत्र में स्थित सुन्नी मदीना मस्जिद में ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही छोटे-बड़े, बुजुर्ग और युवा नए-नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर मस्जिद पहुंचे, जहां ईद की नमाज अदा की गई। मौलाना इकबाल रज़ा ने नमाज पढ़ाई और मुल्क में अमन, चैन व सुकून की दुआएं मांगीं। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए मगफिरत की दुआएं कीं। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारकबाद दी। इस अवसर पर किरंदुल छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के राजेंद्र सक्सेना, रामकृष्ण बैरागी, बबलू शर्मा और एसएच अजहर ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। रमजान-उल-मुबारक के रोजे पूरे करने के बाद मुस्लिम समुदाय मीठी ईद के नाम से प्रसिद्ध ईद-उल-फितर मनाते है। पूरे दिन सेवइयों का दौर चलता रहता है। लोग अपने सगे-संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय विशेष रूप से गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करते है। फितरा और जकात निकालकर यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी गरीब मायूस न हो और सभी बच्चे ईद की खुशियां मना सकें। मौके पर सुन्नी मदीना मस्जिद के नायब सदर अनवर हुसैन शेख, नजमुल हक, सेक्रेटरी नायब सेक्रेटरी फारूक रजा, खजांची आदिल खान, गुलाम अहमद अली, आसिफ सिद्दीकी, शेख आजाद, बाची खान, इमरान खान, शब्बीर हुसैन, सिराज खान सैयद हुसैन सहित मुस्लिम समुदाय के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आरटीओ में स्वीकृत 34 में से 26 पद वर्षों से रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय के ग्राम पंचायत आड़ावाल स्थित में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय है, पर वर्षों से यहां 34 की बजाय सिर्फ 8 अधिकारी एवं कर्मचारी पदस्थ हैं, जो काम कर रहे हैं। साथ ही एक-एक कर्मचारी पर लगभग 4 से अधिक शाखाओं का कार्य कर रहे हैं। इस ओर परिवहन मुख्यालय रायपुर का कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के आड़ावाल ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय संचालित हो रहा है। इस कार्यालय में सहायक अधीक्षक-एक, सहायक वर्ग-2 के 7, डाटा इंट्री ऑपरेटर के-5, स्टेनो टायपिस्ट के-1 एवं सहायक वर्ग-3 के 12 पद में से वर्षों से 34 पद स्वीकृत हैं। इसके बावजूद इसमें से 26 कर्मचारी का पद लम्बे समय रिक्त हैं। इसके चलते एक-एक कर्मचारी को 4 से ज्यादा शाखाओं का कार्य करना पड़ रहा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संपूर्णता अभियान 2.0 की हुई समीक्षा बैठक



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे की अध्यक्षता में संपूर्णता अभियान 2.0 की मासिक समीक्षा बैठक 20 मार्च को आयोजित की गई। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण और मूलभूत सुविधाओं के संकेतकों में सुधार लाना है। बैठक के दौरान छह प्रमुख संकेतकों पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### इंस्टाग्राम से की दोस्ती फिर रेप, आरोपी जेल दाखिल



**कांकेर।** सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग को झांसे में लेकर अपहरण व दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद फरार होकर महाराष्ट्र में छिपा हुआ था, जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर 2025 को प्रार्थिया ने थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 171/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 64, 64(2)(ड) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत प्रकरण कायम कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर उसके बयान लिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी मध्यप्रदेश के सौरभ उर्फ बिट्टू शर्मा ने इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर उसे अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। तकनीकी साक्ष्य एवं साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन पुणे (महाराष्ट्र) में मिला।

**सियासत :** हाराडुला प्रशिक्षण में दिखा जोश और समर्पण, बूथ से भारत तक की रणनीति का मिला संदेश

# दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में हुआ नई चेतना का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के हाराडुला में संगठनात्मक ऊर्जा और वैचारिक प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रथम दिवस का शुभारंभ हुआ। सामुदायिक भवन हाराडुला में आयोजित इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में नई चेतना और उत्साह का संचार किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प कला बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की विचारधारा, सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी ने की, जबकि संजय सिन्हा, रघुनंदन साहू एवं परमानंद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी के द्वारा प्रथम दिवस के छः विषयो के वक्ताओ को आमंत्रित कर विषयों पर चर्चा हुई जिसमें प्रथम सत्र का विषय हमारा इतिहास, विकास वक्ता जिला उपाध्यक्ष अशोक वलेचा, द्वितीय सत्र विषय वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन संस्कृतिक राष्ट्र वाद पंच निष्ठाएँ वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार मंडावी, तृतीय सत्र विषय कार्य पद्धति वक्ता जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, चतुर्थ सत्र कार्यविस्तार की हमारी दृष्टि वक्ता जिला मीडिया सह प्रभारी मनोज जैन, पंचम सत्र सोशल मीडिया नई तकनीकी एआई प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ देवेंद्र कुमार साहू छठा सत्र बूथ प्रबंधन,मन की बात, टिफिन बैठक, आगामी कार्यक्रम बूथ स्थायी कार्यक्रम, जिला कार्य समिति सदस्य निर्मला नेताम एवं सभी वक्ताओ के द्वारा प्रशिक्षुओं को अपने अपने विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया।



**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर दीपंकर सिन्हा, रूखमणी उइके, जागेश्वरी भास्कर, रेणुका सिन्हा, संतोषी सिन्हा, सुशील निषाद, दुष्यंत साहू, टीकम साहू, सुशीला तारम, रामकुमार रायस्त, गिरी किशोर साहू, उमा देवी साहू, मन्नू पटेल,राम नारायण नेताम, उर्वशी जैन, राजेन्द्र जैन, महावीर सिन्हा सहित प्रशिक्षु कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जालसाजी करके ट्रक हड़पा आरोपी न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक ट्रक मालिक को झांसा देकर उसका वाहन हड़पने वाले शातिर आरोपी को अंतागढ़ पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया। आरोपी को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ठगी के मामलों पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ निवासी 40 वर्षीय साबिर अली ने खुद को बड़ा परिवहन कारोबारी बताकर एक ट्रक मालिक को अपने जाल में फंसा लिया। वर्ष 2024 में प्रार्थी ने अपनी मेहनत की कमाई से अशोक लीलैंड का ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजेड 3560 फाइनेंस पर खरीदा था। आर्थिक संकट के चलते वह किश्तें भरने में परेशान था।

इसी बीच दिसंबर 2024 में अंतागढ़ बस स्टैंड पर उसकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोपी ने ट्रक को छह महीने के लिए किराए पर लेने का प्रस्ताव देते हुए हर माह 7000 किलोमीटर के एवज में 1.20 लाख रुपये देने का लालच दिया। भरोसे में आकर प्रार्थी ने 27 जनवरी को नोटरी के समक्ष अनुबंध कर ट्रक सौंप दिया। आरोपी ने न तो तय राशि का भुगतान किया और न ही अनुबंध खत्म होने पर वाहन लौटाया। उल्टा ट्रक मांगने पर वह प्रार्थी को धमकाने लगा। थक-हारकर पीड़ित ने थाना अंतागढ़ में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ महाराष्ट्र के घुग्गुस थाना क्षेत्र में भी इसी तरह का मामला दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश जायसवाल सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# जंगली सुअर के हमले से बुजुर्ग महिला गंभीर, गांव में दहशत

**कांकेर।** जिले कांकेर के वन परिक्षेत्र सरोना के शामतरा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली सूअर ने अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। सूअर के हमले से जहां एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, वहीं पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए घरों में छिपने को मजबूर हो गए।



वन परिक्षेत्र सरोना अंतर्गत शामतरा गांव में जंगली सुअर के आतंक ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। अचानक गांव में घुसे इस सुअर ने जमकर उत्पात मचाया और लोगों को भयभीत कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुअर ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें जिला अस्पताल कांकेर ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। सुअर के गांव में घुसते ही लोग इधर-उधर भागने लगे। कई ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए घरों के अंदर घुस गए और दरवाजे बंद कर लिए। भय का आलम ऐसा था कि कुछ लोगों ने अपने घरों के मुख्य दरवाजे को हाथों से पकड़कर रखा, ताकि सूअर अंदर न घुस सके। वहीं, कुछ लोग पास में खड़े चार पहिया वाहनों की छत पर चढ़कर खुद को सुरक्षित करने की कोशिश करते नजर आए। बताया जा रहा है कि सूअर ने कई घरों के दरवाजों पर हमला किया और उन्हें तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, उसने मोहल्ले में खड़ी एक मोटरसाइकिल को सिर से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे वाहन को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने जंगली सूअर को पकड़ने या क्षेत्र से खदेड़ने, नियमित गश्त बढ़ाने और गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## खेत से सोलर सिस्टम एवं बोर पंप की चोरी, किसान को डेढ़ लाख की चपत

**कांकेर।** बारदेवरी में अज्ञात चोरों ने एक किसान की मेहनत पर रातों-रात पानी फेर दिया। सरकारी योजना के तहत खेत में लगाए गए सोलर सिस्टम और बोर मशीन को उखाड़कर ले जाने की वारदात ने न केवल किसान को आर्थिक रूप से झटका दिया है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों में भी डर का माहौल पैदा कर दिया है।



जानकारी के अनुसार बारदेवरी निवासी 58 वर्षीय किसान राजकुमार कंचन के खेत में वर्ष 2023 में क्रेडा विभाग के माध्यम से सिंचाई के लिए सोलर सिस्टम और बोर मशीन स्थापित की गई थी। इसी व्यवस्था के सहारे वे अपनी खेती-किसानी कर रहे थे। घटना 15 फरवरी की बताई जा रही है। किसान रोजाना की तरह शाम करीब 6 बजे तक खेत में काम करने के बाद बोर बंद कर अपने घर चले गए थे, लेकिन अगले दिन 16 फरवरी की सुबह जब वे पुनः खेत पहुंचे और बोर चालू करने गए, तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। खेत से सभी 9 नग सोलर प्लेट्स और बोर मशीन पूरी तरह गायब थी। किसान ने आसपास के ग्रामीणों और इलाके में काफी तलाश की, लेकिन चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने थाना कांकेर में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है, जो किसान के लिए बड़ी आर्थिक क्षति है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त पदाधिकारियों का आपसी परिचय कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी कार्ययोजना तय करना रहा।



बैठक की शुरुआत परिचय सत्र से हुई, जिसमें मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों ने अपना परिचय दिया और संगठन में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ नेताओं ने पिछड़ा वर्ग समाज को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आव्हान किया। बैठक में मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्य, विचारधारा और जनसेवा के प्रति प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके साथ ही आगामी समय में मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलामंत्री शैलेंद्र पूनिया, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावटे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश देवांगन, उपाध्यक्ष नरेन्द्र साबले, मिलन साहू, संतोष यादव, मंडल महामंत्री तरुण पांडेय, कृष्ण निषाद, मंडल मंत्री योगेंद्र यादव, मदन जैन, प्रेमलता साहू, हरेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप निषाद, सह कोषाध्यक्ष ललिता जैन, अनीश यादव, सुरेश प्रजापति एवं कार्यसमिति सदस्य लखन साहू, विनोद जैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720 9926386660
Care With Confidence सुयश हॉस्पिटल NABH
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**बस्तर में शिक्षा का उत्सव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रसार टोली कार्यशाला ने भरी नई ऊर्जा : जगदलपुर।** शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित संभागीय स्तरीय प्रसार टोली कार्यशाला का द्वितीय दिवस उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। बस्तर संभाग के दस प्रमुख महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बना दिया।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में

जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# आजीविका व जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्यों का महिला समूह ने अनुभव किया साझा

**कांकेर।** ग्रामों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं, सामुदायिक सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के अनुभवों को साझा करने शुक्रवार 20 मार्च को जिला पंचायत एवं गैर शासकीय संगठन प्रदान के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रेरणा से प्रगति नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और पंचायत स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन पर चर्चा की गई और साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समुदाय एवं ग्राम पंचायतों को प्रेरित करने के साथ-साथ उनके कार्यों को नई दिशा मिलती है। उन्होंने पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई के महत्व, ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी की प्रभावशीलता तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और साथ ही यह भी बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एक डिजिटल टूल विकसित कर ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया को डिजिटाइज किया गया है, जिसके माध्यम से जिले की प्रगति अब ऑनलाइन रूप से देखी जा सकती है। इस डिजिटल व्यवस्था से योजनाओं की निगरानी, पारदर्शिता एवं समयवद्ध क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कैडरों ने अपने अनुभव साझा किए। कई प्रतिभागियों ने बताया कि किस प्रकार जल संसाधन आधारित आजीविका गतिविधियों जैसे मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन एवं अन्य कृषि आधारित कार्यों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा जीवन स्तर में सुधार आया है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकुल स्तरीय संघ, उच्च पंचायत उन्नति सूचकांक प्राप्त करने वाली तथा बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने वाली ग्राम पंचायतों एवं सक्रिय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कैडरों का सम्मान किया गया। विशेष रूप से आजीविका संवर्धन हेतु जल क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली दीदियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग से न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि अन्य समुदाय सदस्यों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है।



## साय सरकार के विधेयकों से बदलेगा छत्तीसगढ़ का भविष्य

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को प्रदेश की दिशा तय करने वाला बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने साय सरकार द्वारा पारित महत्वपूर्ण विधेयकों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सर्वजन हिताय और जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए लगातार ठोस और दूरगामी फैसले ले रही है। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2026 के दौरान छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक,2026,छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026,छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2026 तथा छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक 2026 जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए हैं। इन विधेयकों से प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।



07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बुद्धा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर